## एक नजर में

### एमएलबी स्कूल में स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार शिविर

**खण्डवा।** महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खंडवा में स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि इस शिविर में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा मेडिकल बोर्ड की टीम के डॉक्टर, डॉ. दीपशिखा इवने एम.डी. मेडिसिन, डॉ. शक्तिसिंह राठौड़ अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद ओणकर मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. संजय इंगले ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### 23 सितम्बर को मनाया जाएगा आयुर्वेद दिवस

**खण्डवा।** देश में आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष धनतेरस पर किया जाता रहा है। दीपावली त्यौहार की तैयारी एवं समाज के हर तबके की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए शासन ने इस वर्ष आयुर्वेद दिवस 23 सितंबर को मनाने का निर्णय लिया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष आयुर्वेद जन-जन के लिए,पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग खंडवा द्वारा औषधालयों एवं वेलनेस केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर, नैदानिक जाँच, प्रकृति परीक्षण,योग शिविर, पोषण गतिविधि,आयुर्वेद शपथ,औषधीय पौधों का वितरण,सेवा पखवाड़ा, मिशन कर्मयोगी में सहभागिता,शैक्षणिक संस्थानों में आयुर्विधा पर व्याख्यान,निबंध व स्लोगन प्रतियोगिताएं,सहजन औषधीय पौधे का वितरण एवं रोपण,वृद्धाश्रम में फल वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### लायन्स नेत्रदान एवं देहदान समिति व सक्षम द्वारा 518 वाँ नेत्रदान



**खण्डवा।** सिंधी कालोनी गली न 2 खण्डवा निवासी श्रीमती मोहिनी गोस्वामी का 78 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया। समिति संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि संजय सभनाणी की प्रेरणा से पुत्र दिलीप,विनोद,जितेंद्र गोस्वामी पौत्र व गोस्वामी परिवार की सहमति से लायन्स नेत्रदान व देहदान जनजागृति समिति द्वारा देर रात लायन्स क्लब खंडवा, सक्षम संस्था खण्डवा व एम के आई बैंक व लियो क्लब खण्डवा के सहयोग से समिति के नारायण बाहेती,डॉ सोमिल जैन, नेत्र चिकित्सा सहायक प्रहलाद तिरोले ,अनिल बाहेती, घनश्याम वाधवा,डॉ राधेश्याम पटेल,सुनील बाहेती,राजीव शर्मा,राजीव मालवीय,सुनील जैन,गांधीप्रसाद गदले,सुरेन्द्रसिंह सोलंकी,रणवीर सिंह चावला,चंचल गुप्ता,इंजी अखिलेश गुप्ता, लियो अर्पित बाहेती, सुमित परिहार ,शिवम जायसवाल,राजन बहेल के सहयोग से नेत्रदान प्रक्रिया पूर्ण की गई। समिति के सहयोग से यह 518 वा नेत्रदान संपन्न हुआ । नेत्रदान पश्चात परिवारजनो को नेत्रदान आभार पत्र सौपा गया। नेत्रदान में सिर्फ कार्निया निकाला जाता है। पूरी आंख नहीं निकाली जाती। जिससे चेहरा विभत्स नही होता। देह जिस स्थान पर हो टीम वहाँ पहुचकर नेत्रदान करती है।नेत्रदान व देहदान की जानकारी, घोषणा पत्र भरने के लिए समिति से कभी भी सम्पर्क किया जा सकता। समिति के सहयोग से 18 व्यक्तियों के निधन उपरांत देह मेडिकल कॉलेज को प्रदान की गईं। उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने देर रात में भी लायन्स नेत्रदान देहदान जनजागृति समिति के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए इसमें सतत रूप से अपना पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए टीम रवाना



**खंडवा।** उज्जैन में होने वाली राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए इंडिया ताइक्वांडो जिला खंडवा टीम रवाना हुई। इस टीम में 28 सदस्य हैं, जिनमें अथर्व धुर्वे, सिद्धार्थ सिंह, आदित्य सिंह,अरुल सेठिया,मोहम्मद मिजान खान,अद्विक पालीवाल,अशुमान सोनी,नव्यान्श चंदेली,ऋषि बोर्गे, आदर्श बिसारे, अमित कुशवाहा, मोह अली, युवन्या सिंह, जेनीत मेरी टर्की, अनाया वार्कडे, अमाया यादव,सीर्थी श्रीवास्तव, प्रनाया चौहान, नियति ठाकुर, आरोही वाकडे, इशिका ठाकुर,अमायरा टिग्गा, आराध्या अग्रवाल,अनवेशा सैनी,लताशा मोरे,अहाना सैनी, श्रद्धा अग्रवाल और खादिजा खान शामिल हैं। टीम के कोच अवदेश पटेल, फैजान खान और लैबा खान होंगे। मध्य प्रदेश के सचिव सुनील भारती,नीरज भंडारी,शुभम जैन,खंडवा जिला सचिव मुगीस खान,नागेश वालान्जकर,राजेंद्र राजपूत, मोहम्मद जैद भगवान दास सुंगत, शैलेंद्र वर्मा,डॉ. गुर्जर विकास मोहे, चेतन गोहर,हिमांशु राठवै, सुनील शर्मा और अशफाक चौहान ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# खरीफ की फसल बाजार में आने से पहले किसानों ने दी बड़ी चेतावनी !




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। खरीफ की फसल पककर तैयार होने को है। दीपावली के पहले फसल मंडियों में बिकने आ जाएगी। त्योहारों का दौर भी किसान की जेब में पैसा आने के बाद शुरू होगा।**

बाजार की रौनक भी किसानों की मेहनत के खनकते मोती ही तय करेंगे। अब किसने ने एक्टिव होना शुरू कर दिया है। उन्होंने सरकार को प्रशासन के माध्यम से साफ चेतावनी दी है कि मक्का एवं सोयाबीन की फसल समर्थन मूल्य पर 1 अक्टूबर से ही खरीदें। कपास का दाम भी अच्छा तय करें।

### 23 से आंदोलन की चेतावनी

भारतीय किसान संघ कई समस्याएं प्रशासन को लिखित में दे रहा है। उनका कहना है कि 23 सितंबर तक किसानों की ये समस्याएं हल कर दी जाएं, नहीं तो वे कलेक्टर कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पहुंचकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन और धरना भी देंगे।

### सिंगोट में खाद वितरण केंद्र खोलें

सिंगोट और अन्य क्षेत्रों में नगद खाद वितरण केंद्र खोले जाएं, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्हें लाइन में ना लगना पड़े। फसल बीमा भी काफी कम किसानों को मिला है। कितने किसान बाकी हैं, इसकी सूची भी जारी की जानी चाहिए।

### ऐसे चौपट हुई खरीफ की फसल

सबको पता है कि पहले बारिश ने किसानों को खूब तरसाया और उसके बाद जो फसल बची थी। वह भी अति वर्षा के कारण चौपट हो गई है। इसके सर्वे की कॉपी भारतीय किसान संघ को दी जानी चाहिए। कपास पंजीयन साधारण किसानों के लिए कठिन हो रहा है । इसकी रूपरेखा सरल तरीके से बनाई जानी चाहिए। वर्तमान में गिरदावरी नहीं देखने के कारण पंजीयन नहीं हो पा रहे हैं। सरकार या शासन 30 सितंबर आखिरी तारीख बता रहा है, यह बढ़ाई जानी चाहिए।

### पंधाना व छैगांव सूखाग्रस्त घोषित करें

किसान संघ ने चेतावनी दी है कि पंधाना और छैगांवमाखन तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित करें । यहां पर्याप्त बारिश समय पर नहीं हुई। किसानों की स्थिति आर्थिक रूप से खराब हो गई है। भारतीय किसान संघ ने साफ तौर पर कहा है कि सेवा सहकारी समितियां समय पर खाद विक्रय करती हैं। सरकार को चाहिए कि नगद खाद का विक्रय पूरे साल किया जाए।

# पहचानें,आपका मस्तिष्क कहीं इस बीमारी का शिकार तो नहीं!

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। दौड़ती भागती दुनिया में इंसान मशीन बन गया है। क्षमता से ज्यादा काम उसकी नियति हो गई है। पैसा कमाने में वह आराम भूल जाता है। इन्हीं का दुष्परिणाम अल्ज़ाइमर नाम की घातक बीमारी है।**

निमाड़ के छोटे शहरों में भी इस बीमारी के लक्षण दिख रहे हैं। डॉक्टर लोगों को चेतावनी भी दे रहे हैं। छोटे शहरों के डॉक्टर आश्चर्य चकित हैं कि खंडवा,खरगोन,बड़वानी और बुरहानपुर जैसे जिलों में इसकी घातकता के लक्षण मरीजों में देखे गए हैं।

### ऐसे लक्षण दिखें तो सावधान

अल्जाइमर स्मृति हानि और भ्रम का एक गंभीर मस्तिष्क विकार है। अगर इसका समय पर निदान और प्रबंधन नहीं किया जाता है,तो यह सीखने,सोचने,तर्क करने,याद रखने, समस्या-समाधान, निर्णय लेने और ध्यान देने की मानसिक क्षमताओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। जिससे व्यक्ति की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों और भावनाओं पर नियंत्रण प्रभावित हो सकता है।

यह गंभीर बीमारी न केवल रोगियों को बल्कि उनके परिवारों और दोस्तों को भी प्रभावित करती है।



### आज का दिन इस बीमारी के नाम समर्पित

विश्व अल्जाइमर दिवस,अल्जाइमर माह का एक हिस्सा है, जो हर साल 21 सितंबर को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य मनोभ्रंश और अल्जाइमर की गलत धारणा के बारे में जागरूकता पैदा करना और अल्जाइमर से प्रभावित रोगियों के परिवारों को इससे निपटने और लड़ने के लिए प्रोत्साहित करना और समर्थन देना है।

### फिजियोथेरेपी से भी इलाज संभव

डॉ. हिमांशु भगोरे ने फिजियोथेरेपी और अल्ज़ाइमर देखभाल में इसकी भूमिका पर बताया कि अल्जाइमर की देखभाल में फिजियोथेरेपी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसमें मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने, समन्वय में सुधार करने और गतिशीलता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए व्यायाम और गतिविधियाँ शामिल हैं। अल्जाइमर के रोगियों के लिए, फिजियोथेरेपिस्ट व्यक्तिगत ज़रूरतों के हिसाब से व्यायाम कर सकते हैं,जो कार्यक्षमता को बनाए रखने और गिरने के जोखिम को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

# खंडवा में साहित्यकार जुटे,कबीर को पहला व्यंग्यकार बताया



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई खण्डवा के तत्वावधान में "साहित्य विमर्श एवं काव्य पाठ" कार्यक्रम सुखदा भवन रमा कॉलोनी खण्डवा में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। गायिका निशा तिवारी ने सरस्वती वन्दना की। स्वागत वक्तव्य नवगीतकार श्याम सुन्दर तिवारी ने दिया।

प्रथम सत्र के सारस्वत अतिथि डॉ शहजाद कुरैशी थे।" व्यंग्य और सामाजिक प्रभाव"विषय पर प्रख्यात व्यंग्यकार कैलाश मंडलेकर ने वक्तव्य दिया।

उन्होंने कहा कि व्यंग्य समाज के बीच ही रहता है। समाज में व्यंग्य संवाद की सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने कबीर को साहित्य का प्रथम व्यंग्यकार बताया। कबीर के चार शताब्दी बाद वर्तमान युग में अनेक व्यंग्यकार हुए। उन्होंने श्रीलाल शुक्ल और हरिशंकर परसाई और उनकी रचना धार्मिता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। नवगीतकार रघुवीर शर्मा ने अध्यक्षता की। श्याम सुन्दर तिवारी ने आभार ज्ञापित किया।

द्वितीय सत्र में कलाविद शरद जैन, शैलेन्द्र शरण अतिथि थे। कविता पाठ चेतन सावनेर, सुधीर देशपांडे, नासिर हुसैन, रघुवीर शर्मा, श्याम सुन्दर तिवारी, शैलेन्द्र शरण और अरुण सातले के साथ शायर सूफियान क़ाज़ी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दोनों सत्रों का संचालन गोविन्द शर्मा ने किया। कार्यक्रम का प्रबन्धन ज्योत्स्ना तिवारी ने किया।

# डीआरएम ने खंडवा स्टेशन का निरीक्षण किया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। भुसावल मंडल के डीआरएम पुनीत अग्रवाल शुक्रवार खंडवा स्टेशन पर मंडल के अधिकारियों की टीम साथ निरीक्षण के लिए पहुंचे इस दौरान रेल समिति सदस्य मनोज सोनी प्रवक्ता सुनिल जैन ने डीआरएम से मुलाकात कर खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट के संबंध में डिजाइन एवं प्लानिंग से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने की बात कही।**

### डीआरएम से मांग रखी खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट की डिजाइन,प्लानिंग से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराये

डीआरएम अग्रवाल से मुलाकात के दौरान मनोज सोनी एवं सुनील जैन ने डीआरएम अग्रवाल से मांग की खंडवा स्टेशन की डेवलपमेंट कार्य के संबंध में आम जन के समक्ष इस विकास की योजना से अवगत कराया जावे तथा खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट कार्य में जनप्रतिनिधियों के सुझाव शामिल किया जाए जिससे भविष्य में शहर वासियों को पर्याप्त रेल यात्री सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

इस पर डीआरएम अग्रवाल ने कहा कि वह शीघ्र इस संबंध में संसद ज्ञानेश्वर पाटिल के साथ बैठक कर इस योजना को साझा कर जो सुझाव होंगे उनको शामिल करेंगे।



इस दौरान, सीनियर डीसीएम अजय कुमार,सीनियर डिविजनल इंजीनियर इंजीनियर पंकज धावरे, सीनियर डिविजनल इंजीनियर नॉर्थ पंचम जाटव, ए ई एन हरि ओम मीणा, टी आई आर पी एफ संजीव कुमार, स्टेशन मैनेजर अरविंद साहा, कमर्शियल इंस्पेक्टर एन के शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सांसद प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान डीआरएम पुनीत अग्रवाल सहित अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी जी के जन्म दिवस पर चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्टेशन एवं ट्रेनों में स्वच्छता को लेकर भी निरीक्षण किया। इसको लेकर शाम 5.45 बजे ताप्ती गंगा एक्सप्रेस के पैंट्री कार्ड सहित रेल कोच एसी और 3 टीयर में भी अवलोकन कर व्यवस्था को देखा। पैन्टी कार्ड में भी 10 मिनट रुक कर एक चीज का निरीक्षण किया सब्जियों से लेकर भोजन तक का अवलोकन किया। कुछ कमियों एवं स्वच्छता को लेकर श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि अभी इस समय पूरे देश में सेवा पखवाड़ा चल रहा है जिसके तहत पूरे भुसावल मंडल के साथ खंडवा में भी पहुंचा हूं। स्टेशन और ट्रेनों में अच्छी व्यवस्थाओं के साथ स्वच्छता भी रहे इसके दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। खंडवा रेलवे स्टेशन के री डेवलपमेंट को लेकर भी उन्होंने कहा कि तैयारी चल रही है टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है। चर्चा के दौरान श्री अग्रवाल के साथ मनोज सोनी और सुनील जैन उपस्थित थे।

# मून्दी में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन





नवभारत न्यूज

**मून्दी ।** डरोगे तो मरोगे हमें मजबूती से आगे आना है हम नीति से काम करेंगे उसमें ही कांग्रेस पार्टी अपनी मजबूती की ओर बढ़ेगी, उन्होंने अपने पुत्र उत्तम पाल सिह जिन्हें खंडवा जिले की ग्रामीण जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है को भी हिदायत दी है की सबको साथ लेकर चलें और हमें संविधान की रक्षा करना है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कुछ कार्य कर रहे हैं वह आने वाले समय के लिए उचित नहीं है। आदिवासी कार्यकर्ताओं की और भी हमें ध्यान देना है, उनका साथ भी दे संघर्ष करें हमें संघर्ष करते बहुत समय हो गया है । कांग्रेस को मजबूत बनाने का समय आ गया है और ग्राम पंचायत स्तर पर बॉडी का गठन करें और मजबूती प्रदान करें । जय कांग्रेस विजय कांग्रेस का नारा दिया, कांग्रेस एक विचारधारा वाली पार्टी है। जिसमें जातिवाद का कोई स्थान नहीं है। सभी को संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमारे नेता है और जो देश की आवाज बनकर लड़ाई लड़ रहे हैं।

यह बात कांग्रेस के पूर्व विधायक राज नारायण सिंह ने राठौर पंचायती भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन में कही।

जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उत्तम पाल सिह ने अपने उद्बोधन में नगर परिषद में वार्ड की मजबूती की बात कही ताकि नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस अपना प्रदर्शन बेहतर कर सके। दल बदल की राजनीति में क्या होता है आप देख रहे हैं और ऐसे लोगों की कीमत नहीं होती है । मुझे कांग्रेस पार्टी ने जो जवाबदारी सौंपी है उसे हम लक्ष्य प्राप्त करेंगे ।

सभी क्षेत्रों में वोटर लिस्टों पर ध्यान दें एक-एक वोटर हमारे लिए महत्वपूर्ण है और फर्जी वोटरों के नाम कटवाए । आपकी हिम्मत संगठन को मजबूती प्रदान करेगी ताकि हम कोई भी संघर्ष कर सके। हम नया संगठन भी शीघ्र खड़ा करेंगे जो संगठन के हित में बेहतर कार्य करेगा। उसकी योग्यताओं का सम्मान होगा।

सम्मेलन को जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह चौहान व विक्रम चौहान, जनपद सदस्य जीवनसिह सोलंकी, लक्ष्मण पटेल, सीटू पटेल एवं ग्रामीण क्षेत्र से कांग्रेस के सैकड़ो कार्य करता कार्यक्रम में मौजूद थे।


**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित**
**( बी-पैक्स ) अत्तर पं. कं. 810 - शाखा कालमुखी**

क्रमांक/साधारण सभा/2025/क्यू/1 दिनांक-12.09.2025

**वार्षिक साधारण सभा सूचना**

महानुभाव,बहुउद्देषीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) अत्तर के अंशधारी सदस्यो कि वार्षिक साधाराण आम सभा दिनांक 27-09-2025 दिन शनिवार को दोपहर 12.30 बजे स्थान - संस्था कार्यालय में निम्नलिखित विषयो पर विचार कर निर्णय हेतु आयोजित की गई हैं। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नही होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जायेगा। स्थगित सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात किया जावेंगा जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नही होगी।

**मोहनसिंह दांगी** — **प्रशासक**

**एम.बी.पाटिल** — **प्रबंधक**


**आयोजन** — हरसूद कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए दो नई बसें

# मंत्री शाह ने छात्रावास भवन का लोकार्पण और सीसी रोड का भूमिपूजन किया





**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह ने शनिवार को हरसूद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जामनी गुर्जर में मुख्यमार्ग से कन्या शिक्षा परिसर तक लगभग 40 लाख रुपए लागत से निर्मित होने वाले सीमेन्ट कंक्रीट पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।**

### विद्यार्थियों को मिलीं साइकिलें



कार्यक्रम में मंत्री डॉ. शाह ने जिन विद्यार्थियों को साइकलें वितरित की उनमें राजकुमार,विकास,राधिका,नेहा,सुनंदा,संगीता,लक्ष्मी,वंदना,सुमित,आकाश, कौशल,रितिका और प्रिया शामिल है।

### 2 करोड़ के भवन का फीता काटा

उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिलें प्रदान की। मंत्री डॉ. शाह ने इस दौरान जामनी गुर्जर में नवनिर्मित सीनियर कन्या छात्रावास के 2.20 करोड रुपए लागत से निर्मित नए भवन का फीता काटकर लोकार्पण भी किया। ग्राम रजूर में कन्या शिक्षा परिसर के लिए सीमेन्ट कांक्रीट पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

### रोटी बनाने की दो मशीन देंगे

शाह ने कहा कि कन्या शिक्षा परिसरों में छात्राओं के लिए रोटी बनाने हेतु ढाई लाख रुपए की दो-दो मशीने स्वीकृत की गई है। इनकी टेंडर प्रक्रिया भी संपन्न हो गई है। कुछ ही दिनों में सभी कन्या शिक्षा परिसरों में छात्राओं के लिए रोटी बनाने की मशीन आ जाएगी। उन्होंने कहा कि कन्या शिक्षा परिसरों में छात्राओं की सुविधा के लिए लिफ्ट भी लगवाई जा रही हैं,जिससे छात्राओं की परेशानी कम होगी।

### हरसूद कॉलेज को दो नई बसें

उन्होंने कहा कि हरसूद कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए दो नई बसें दिलाई गई हैं, दो और बसें भी शीघ्र ही प्राप्त हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि अभी तक फेल होने के बाद छात्राओ को छात्रावास से निकाल दिया जाता था, लेकिन अब उन्होंने छात्राओं की समस्या को देखते हुए फेल होने के बाद भी 1 वर्ष और छात्रावास में रहने की सुविधा दिलाने के आदेश जारी कर दिए हैं, ताकि असफल हुईं छात्राएं फिर से मेहनत करके परीक्षा उत्तीर्ण कर सकें,और अपना भविष्य सुधार सकें।